# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

E-Newsletter

# "समीक्षा"

सत्र 2022-2023
संस्करण – 1

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG




Klsmmv   klsmmv_mrt   klsmmv   KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG




## अप्प दीपो भव:

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT




❖ अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय में सत्र 2022-2023 का वार्षिक ई-समाचार पत्रिका (समीक्षा) प्रकाशित की जा रही है। महाविद्यालय की समस्त विशेषताओं एवं उपलब्धियां का प्रतिबिंब स्वरूप **ई-समाचार पत्रिका (समीक्षा) 2022-2023** आपके समक्ष प्रस्तुत है। महाविद्यालय का उद्देश्य मात्र शिक्षण कार्य ही नहीं अपितु छात्राओं के समग्र व्यक्तित्व का निर्माण सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत वर्ष पर्यंत महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ अनेक गतिविधियां चलती रहती हैं। यह समाचार पत्रिका (समीक्षा) महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों का दर्पण है जिसके माध्यम से आप अवगत हो सकेंगे कि महाविद्यालय में खेल कूद, एन सी सी, एन एस एस, रोवर रेंजर्स, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, चरित्र निर्माण संबंधी कार्यक्रम तथा कौशल विकास के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है, जिसमें छात्राएं सक्रिय सहभागिता के द्वारा अपनी प्रतिभा को निखारती है। महाविद्यालय की ई-समाचार पत्रिका (समीक्षा) इस बात का प्रमाण है कि छात्राओं के समुचित, सकारात्मक, सर्वांगीण एवं सृजनात्मक विकास हेतु महाविद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है। मेरी यह शुभकामना है की महाविद्यालय अपना महत्वपूर्ण उद्देश्य पूरा करते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ता रहे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे चलकर हमारे छात्राएं प्रबुद्ध, विभिन्न कौशलों में पारंगत एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण सभ्य नागरिक के रूप में समाज के विकास में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगी। समस्त महाविद्यालय परिवार को ई-समाचार पत्रिका (समीक्षा) 2022-23 के प्रकाशन पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

**डॉ० अलका चौधरी**

**प्राचार्या**

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT

7S





## सुस्वागतम (19/11/2022)

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की सभी कोर्सेज में प्रथम वर्ष की छात्राओं को महाविद्यालय की समस्त समितियों के कार्यों के विषय में अवगत कराना है जिससे छात्राएं अपनी किसी भी समस्या या जिज्ञासा के लिए संबंधित समिति से संपर्क कर सकें।

## संवाद (17/12/2022)

किसी भी संस्था का सही मायने में विकास तभी संभव है, जब उसकी प्रत्येक इकाई समन्वित व संगठित होकर प्रयास करें । महाविद्यालय का आधार स्तंभ छात्राएं हैं, अतः उनकी समस्याओं, उनके विचारों और सुझाव को जानना बेहद आवश्यक है, जिसका सर्वश्रेष्ठ माध्यम पारस्परिक अंतःक्रिया है। संवाद कार्यक्रम इसी दिशा में एक प्रयास है। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं द्वारा अपनी समस्याओं को बेहिचक बताना तथा प्राचार्या जी द्वारा उनका त्वरित समाधान करना अथवा समाधान की त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। 'संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसी भी संस्था का सही मायने में विकास तभी संभव है, जब उसकी प्रत्येक इकाई समन्वित व संगठित होकर प्रयास करें । महाविद्यालय का आधार स्तंभ छात्राएं हैं, अतः उनकी समस्याओं, उनके विचारों और सुझाव को जानना बेहद आवश्यक है, जिसका सर्वश्रेष्ठ माध्यम पारस्परिक अंतःक्रिया है। संवाद कार्यक्रम इसी दिशा में एक प्रयास है। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं द्वारा अपनी समस्याओं को बेहिचक बताना तथा प्राचार्या जी द्वारा उनका त्वरित समाधान करना अथवा समाधान की त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।









## सानिध्य (21/01/2023)

महाविद्यालय में बीए तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्राओं के अभिभावकों के साथ पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित की गई।

मीटिंग के माध्यम से अभिभावकों ने कंसर्निंग सब्जेक्ट्स की शिक्षिकाओं से छात्राओं के अटेंडेंस,

इंटरनल एग्जाम स्टेटस आदि के विषय में प्रश्न पूछे तथा जिज्ञासाओं को शांत किया।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT

☆☆☆7S☆☆☆
☆







## “सुदीक्षा” (13/03/2023)

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में, प्रो.अमर कुमार गर्ग शोभित डीम्ड यूनिवर्सिटी, मेरठ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सरोजिनी अग्रवाल जी (एम एल सी ), डॉ वीरेंद्र कुमार तिवारी, संयोजक- शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, मेरठ प्रांत, डा. शैलेन्द्र कुमार गौरव डीन एग्रीकल्चर चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ , डा. सीमा पंवार, मेरठ कॉलेज मेरठ तथा डा. सरिता वर्मा, मेरठ कॉलेज मेरठ,उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदरणीय प्राचार्य जी सहित समस्त प्रवक्ता वर्ग, ऑफिस स्टाफ तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी गणों का विशिष्ट सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।






## “खेलोत्सव” (14/03/2023)

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अंजू सिंह **(आईआरटीएस ऑफिसर)** तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अलका तोमर **(अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी)** एवं गुलाब सिंह रुहेल **(खेल अधिकारी, सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ)** उपस्थित थे।

खेल सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं ( खो- खो, पेयर - रेस, बैडमिंटन, 400 मीटर रेस, कबड्डी, टग ऑफ़ वॉर, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, चेस आदि) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

## Achievers



संगीत विभाग तथा सांस्कृतिक एवं साहित्य परिषद द्वारा, युवा कल्याण विभाग मेरठ द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए।जिसके अंतर्गत समूह लोकगीत गायन में प्रथम स्थान, हारमोनियम स्वतंत्र वादन में परमजीत कौर ने द्वितीय स्थान, एवं आशु भाषण में कुमारी सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। सभी विजेता छात्राएं आगामी जोनल स्तरीय प्रतियोगिता गाजियाबाद में प्रतिभाग करेंगी।

संगीत विभाग तथा सांस्कृतिक एवं साहित्य परिषद युवा कल्याण एवम प्रान्तीय रक्षक दल विभाग गाज़ियाबाद द्वारा आयोजित जोन स्तरीय युवा उत्सव/सांस्कृतिक कार्यक्रम 2022–2023 के अंतर्गत प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह लोकगीत गायन विधा में प्रथम स्थान, प्राप्त किया। यह कार्यक्रम आई० एम० एस० इंजीनियरिंग कॉलेज डासना, गाजियाबाद में आयोजित किया गया।







शोभित विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित SPEAKATHON 2022 An Inter University Extempore Competition. मे दिनांक 02 अक्टूबर 2022 को कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं साहित्यक परिषद् से कु० आरती कसाना ने प्रथम स्थान एवं कु० सलोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने दोनों छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ वेणु वनिता एवम डॉ शुभा मालवीय ने छत्राओं का सफल निर्देशन किया।

'रोवर बरेंजर्स समिति' की कुमारी राशि जैन को भारत स्काउट एवं गाइड्स नेशनल हेड क्वार्टर के द्वारा दिनांक-05/01/2022 से 10/01/2022 को आभाशी मंच zoom पर आयोजित BSG-DIGITAL SMART GENRATION, SURF SMART 2.0 स्टेट मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग दिया गया। इसके बाद उन्हें National facilitator के रूप में चुना गया। जिसके अंतर्गत इनकी Facilitators recasting training दिनांक 13-15th June 2022 को सम्पन्न हुई। साथ ही इन्होंने भारत के विभिन्न क्षेत्रीय सेमिनारों में BSG-DSG, Surf Smart 2.0 की टीम के साथ मिलकर इस पाठ्यक्रम को पूर्ण कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया व अति उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग लिया। रेंजर्स कुमारी राशि जैन ने नेशनल टीम में एकमात्र facilitator के रूप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्हे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर Surf Smart leader's training for AP leaders कार्यक्रम जो दिनांक 27 व 28 अगस्त 2022 को आयोजित हुआ था जिसमे उन्हें Bharat Scouts And Guides की ओर से facilitator चुना गया व इन्हे certificate भी प्रदान किया गया तथा साथ ही उन्हें volunteering service के लिए BSG NHQ, Delhi की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप में Goodies भी प्रदान किये गए।






# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG


## Achievers






अमर उजाला एवं चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय वाद- विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय था "हिंदी ही हमारी भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व कर सकती है।" विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, नवीन चंद्र लोहानी विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा मेरठ के प्रसिद्ध साहित्यकार श्री सुधाकर आशावादी, श्री किशन स्वरूप और श्री गजेंद्र सिंह चौहान ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मेरठ के 11 महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के कई विभागों की छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व छात्रा कु राशि जैन और कु आरती कसाना ने किया। आरती कसाना ने इस प्रतियोगिता में विपक्ष में दूसरा स्थान प्राप्त किया और राशि जैन ने पक्ष में द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

दिनांक- 30 नवंबर 2022 को आदरणीय प्राचार्या प्रो.(डॉ.) अलका चौधरी जी ने अपने सम्बोधन के द्वारा रेंजर्स समिति (भारत स्काऊट गाइड उत्तर प्रदेश) और गर्ल्स स्काऊट ऑफ वेस्टर्न न्यूयार्क (USA) के मध्य ऑनलाइन (zoom) मोड पर अन्तःक्रिया (interaction) का शुभारंभ किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की रेंजर राशि जैन ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारत में होने वाले प्रशिक्षण के दौरान रेंजर्स की प्रतिज्ञा, त्रिदल कमल-एकता का प्रतीक, पेयजल वितरण, स्वच्छता अभियान, पढ़ना लिखना अभियान, मतदाता जागरूकता रैली आदि क्रियाकलापों के विषय में बताया। इस अन्तः क्रिया में दोनों तरफ के छात्राओं अनम, काजल, अंशु, समांथा व एनवेला ने प्रश्नोत्तर के द्वारा एक दूसरे के जिज्ञासाओं का शमन किया। इस दौरान छात्राएं काफी उत्साहित रही तथा ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रातः 6 बजे से ही कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु महाविद्यालय में उपस्थित रहीं। उनके उत्साहवर्धन हेतु महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी भी प्रातः काल से ही छात्राओं के साथ उपस्थित रहीं।








07/12/2022

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षो उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कनोहरलाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद की ओर से छात्राओं ने समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं एकल देशभक्ति गायन में तृतीए स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एप्लाईड साइंस ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। विजेता छात्राओं में हिमानी भारती, अंजलि, कामिनी, स्नेहा, तनु यादव एवं परमजीत रही। टीम का सफल निर्देशन डॉ वेणु वनिता श्रीमती आंचल एवं श्रीमती निशा ने किया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका चौधरी ने पुरस्कार की घोषणा के उपरांत विश्वविद्यालय छात्र को आशीर्वाद प्रदान किया और उत्साहवर्धन किया।

# NAAC



## 18/07/2022

प्राचार्या डॉ० अलका चौधरी जी के द्वारा समस्त विभाग अध्यक्षों की एक आवश्यक मीटिंग बुलाई गई ।जिसमें प्राचार्या जी द्वारा सभी विभागों की आगामी NAAC inspection की तैयारी का जायजा लिया गया



## 04/08/2022

प्राचार्या डॉ अलका चौधरी के निर्देशन में सभी विभागाध्यक्षयो एवं सभी समितियों के कोऑर्डिनेटर के साथ मीटिंग आहूत की गई। मीटिंग में इस विषय पर चर्चा की गई कि सभी समितियों के उद्देश्यों के मद्देनजर अकादमिक वर्ष में क्या एक्टिविटी कराई जा सकती है इसका एक ब्लू प्रिंट तैयार करना। प्राचार्या जी ने NAAC Inspection की प्रक्रियास्वरूप SSR तथा AQAR के संबंध में सभी विभागाध्यक्ष के साथ परिचर्चा की।



## 19/12/2022

महाविद्यालय में नैक टीम द्वारा नैक मूल्यांकन के लिए किए जाने वाले निरीक्षण हेतु प्रस्तावित तिथियों में से 30 और 31 जनवरी 2023 का चयन किया गया । इससे पूर्व महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन वर्ष 2016 में हुआ था। *इस संबंध में प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने सभी शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के साथ नैक मूल्यांकन के लिए महाविद्यालय तथा विभागों में की जाने वाली आवश्यक तैयारियों के विषय में चर्चा करने के लिए एक बैठक की।



## 20/01/2023

प्राचार्या डॉ अलका चौधरी ने सभी विभागाध्यक्षों एवं कमेटी कोऑर्डिनेटर्स के साथ मीटिंग की, जिसमें उन्होंने आगामी नैक मूल्यांकन (30-31 जनवरी 2023) के लिए होने वाली तैयारियों का जायजा लिया। प्राचार्या जी ने इतने कम समय में अथक प्रयास, सहयोग, व्यवस्थित तथा सुचारू रूप से कार्य करने के लिए सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की हौसला अफजाई की। इसके साथ ही उन्होंने नैक की तैयारियों के निरीक्षण हेतु 25/01/ 2023 को एक मॉक नैक कराए जाने की योजना बनाई, जिसका उद्देश्य कमियों में सुधार तथा नैक मानक के अनुरूप कार्य योजना को सुनिश्चित करना है। साथ ही पैरंट टीचर मीटिंग, विभागीय फाइल्स, रिसर्च फाइल्स, समस्त ऑफिशियल रिकॉर्ड, विभिन्न प्रकोष्ठों की आगामी कार्य योजना आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# NAAC



## 21/01/2023

महाविद्यालय में NAAC इंस्पेक्शन की प्रक्रिया के तहत एकेडमिक एंड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट किया गया जिसमें समस्त टीचिंग स्टाफ के एकेडमिक रिकार्ड्स को चेक किया गया। एक्सटर्नल ऑडिट एक्सपर्ट के रूप में प्रो. डॉ. भूपेंद्र सिंह, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, उपस्थित रहे। एक्सटर्नल एक्सपर्ट प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह जी ने इंस्पेक्शन प्रक्रिया के निमित्त विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए। महाविद्यालय में NAAC इंस्पेक्शन 30 व 31 जनवरी को होना है।



कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ, में Mock NAAC Inspection कराया गया।



## 30/01/2023

नैक मूल्यांकन का प्रथम दिन

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका चौधरी का प्रस्तुतीकरण 40- 45 मिनट हुआ।

सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ मूल्यांकन के प्रथम दिन का समापन हुआ।

# NAAC




## 31/01/2023

एग्जिट मीट में नैक टीम ने प्राचार्या डॉ अलका चौधरी को फाइनल रिपोर्ट सौंपी। अपने व्याख्यान में नैक टीम की चेयरपर्सन ने सब को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय की स्थापना एक नेक विचार से हुई है, अतः उसी को अपना उद्देश्य मानकर भविष्य में कार्य करने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त सभी शिक्षिकाओं तथा ऑफिस स्टाफ के समर्पण, कठोर परिश्रम एवं छात्राओं के प्रति प्रतिबद्धता उनको सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए तथा कम साधनों, संसाधनों में भी बेहतर प्रदर्शन तथा व्यवस्थित कार्य प्रणाली के लिए सबकी सराहना की। अभिभावकों तथा पुरातन छात्राओं से लिए गए फीडबैक के आधार पर उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं छात्राओं के सहयोग के लिए हमेशा उपलब्ध रहती हैं जो कि प्रशंसनीय है। प्राचार्या डॉ अलका चौधरी द्वारा शुरू किए गए संवाद तथा सुता सहयोग कार्यक्रम की भी सराहना की।




## 07/02/2023

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) ने महाविद्यालय को B+ ग्रेड दिया है। महाविद्यालय को 5 में से कुल 2.67 सीजीपीए मिला है जबकि अंतिम नैक निरीक्षण में 2.51 सीजीपीए थे।

NAAC PEER TEAM VISIT VIDEO 1

NAAC PEER TEAM VISIT VIDEO 2

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## वन महोत्सव (01/07/2022 से 07/07/2022)



वन महोत्सव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका चौधरी जी की अध्यक्षता में महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न वृक्ष लगाए गए जिसमें महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, ऑफिस स्टाफ एवं सहायक वर्ग का भी सहयोग रहा।

### 16/07/2022

नए सत्र की शुरुआत में ऊर्जाशीलता एवं सकारात्मकता के आयामों के प्रतीक यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अलका चौधरी एवं वाइस प्रेसिडेंट डॉ एस के अग्रवाल द्वारा महाविद्यालय की दो नवागंतुक प्रवक्ताओं डॉ अर्चना प्रिय आर्य, संस्कृत विभाग एवं डॉ निशा, संगीत विभाग, को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया।





### 29/07/2022

कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय , में **कैरियर काउंसिलिंग सेल द्वारा एक कैरियर कॉउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा "परास्नातक विषयों में प्रवेश हेतु छात्राओं की कॉउंसलिंग।" विषय पर मार्गदर्शक व्याख्यान दिया गया।**

कार्यक्रम संचालन: कैरियर काउंसिलिंग सेल की कोऑर्डिनेटर सुश्री फातिमा हसन द्वारा

कार्यक्रम आयोजन: कैरियर कॉउंसलिंग

### 08/08/2022

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत छोड़ो दिवस के उपलक्ष में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

आयोजक: राजनीति विज्ञान विभाग



कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT

## 13/08/2022




कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ में नेशनल लाइब्रेरियन्स डे के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. युद्धवीर सिंह ( पूर्व प्राचार्य मेरठ कॉलेज मेरठ) रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ जमाल अहमद सिद्धकी डेप्युटी लाइब्रेरियन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, एवं कन्वीनर MUCLA, डा देवेन्द्र कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरी साइंस, G. G. D. C. खरखौदा, मेरठ एवं डा. संजीव कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर : लाइब्रेरी साइंस, KPGC, सिंभावली हापुड उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा डॉ विनीता गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान, डॉ राखी त्यागी, एसोसिएट प्रोफेसर लाइब्रेरी साइंस एवं सुश्री स्मृति यादव असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान द्वारा संपादित पुस्तक " वेरियस कंटेंट ट्रेंड्स इन रिसर्च मेथाडोलॉजी" पुस्तक का विमोचन किया गया।

## 15/08/2022

महाविद्यालय में, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलर पार्टी द्वारा स्वागत एवं रैली निकाली गई, तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका चौधरी जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।
महाविद्यालय की छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुत्ति भी प्रस्तुत की गई।








# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 20/08/2022

महाविद्यालय के संगीत विभाग तथा सांस्कृतिक एवं साहित्य परिषद द्वारा, युवा कल्याण विभाग मेरठ द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए।जिसके अंतर्गत समूह लोकगीत गायन में प्रथम स्थान, हारमोनियम स्वतंत्र वादन में परमजीत कौर ने द्वितीय स्थान, एवं आशु भाषण में कुमारी सलोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।





## 25/08/2022

महाविद्यालय की संगीत विभाग तथा सांस्कृतिक एवं साहित्य परिषद युवा कल्याण एवम प्रान्तीय रक्षक दल विभाग गाज़ियाबाद द्वारा आयोजित जोन स्तरीय युवा उत्सव / सांस्कृतिक कार्यक्रम 2022 – 2023 के अंतर्गत प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह लोकगीत गायन विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम आई० एम० एस० इंजीनियरिंग कॉलेज डासना, गाजियाबाद में आयोजित किया गया।

## 09/09/2022

महाविद्यालय मे मनोविज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रसिद्ध एन० जी० ओ० पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब के सहयोग से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के एक दिन पूर्व “जिंदगी से बेहतर कुछ नहीं” विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता शहर की प्रसिद्ध न्यूरो-मनोचिकित्सक डॉ कावेरी सक्सेना जी रहीं | डॉ० सक्सेना ने बताया आजकल के समय में आत्महत्या के मामले बहुत तेज़ी के साथ घटित हो रहे हैं | इन दिनों व्यक्ति जितना अपने कैरियर में आगे बढ़ रहा है, उतना ही हर दिन आने वाली चुनौतियों के कारण वह चिंतित और तनावग्रस्त है | इस अवसर पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब के निदेशक श्री आयुष गोयल जी ने छात्राओं को समझाया कि आत्महत्या किसी भी समस्या का हल नहीं है जिंदगी को सकारात्मक नजरिए के साथ जीना चाहिए | श्री पीयूष गोयल जी ने कहा कि हमें अपने जीवन की सभी चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए | और यही इस वर्ष की थीम भी “Creating Hope through action” ही रखी गयी है| इसलिए खुश रहें और खुशिया बाटें



## 14/09/2022



हिंदी दिवस पर विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं हिन्दी में रोजगार के अवसर" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर अमर पी०गर्ग, कुलपति शोभित इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी, मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. गौड़, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग,मेरठ कॉलेज, हिन्दी दिवस के इस पावन अवसर पर प्राचार्या जी ने हिन्दी के वैश्विक स्तर पर प्रचार और प्रसार के साथ नयी शिक्षा नीति में मातृ भाषा के महत्व पर अपने विचार रखें। दैनिक जागरण के संपादक श्री रवि प्रकाश तिवारी जी ने हिन्दी का हमारे राष्ट्र, हमारे समाज और हमारे लिए क्या महत्व रखता है मुख्य अतिथि एस.के.गौड़ जी ने व्याख्यान देते हुए हिन्दी के क्षेत्र में क्या क्या रोजगार है उसकी विस्तृत जानकारी से सभी को लाभान्वित किया। व्याख्यान से संबन्धित छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा का समन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. पूनम सिंह की पुस्तक 'धर्मवीर भारती की गद्य कृतियाँ एवं समाज' का विमोचन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हिंदी पखवाड़ा मनाया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता, विषय "हिन्दी और भारतीय संस्कृति" में, वर्तनी शुद्धि प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता विषय 'हिन्दी साहित्य' आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## 16/09/2022

विश्व ओजोन दिवस पर अंतर विश्वविद्यालयी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन। जिसका उद्देश्य छात्राओं को ओजोन परत से संबंधित उपयोगी जानकारी देना तथा उसके महत्व को उजागर करना रहा। यह प्रतियोगिता अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता थी, जिसमें कई महाविद्यालयों की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर भाग लिया । इस प्रतियोगिता मे उत्तराखंड, रोहेलखंड और यू.पी के विभिन्न महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर उषा किरण, भूतपूर्व पूर्व विभागाध्यक्षा चित्रकला विभाग, मेरठ कॉलेज रहीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने की कड़ी में पर्यावरण से संबंधित 16 छात्राओं द्वारा एक माइम प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें दिखाया गया कि किस तरह से वृक्ष प्राणी जगत को पोषित करता है और जीवन का आधार बनता है।इस कार्यक्रम में लगभग 60 से अधिक छात्राओं ने रंग-रेखांकन द्वारा पर्यावरण विनाश को दर्शाया था। प्रदर्शनी में अनेक पोस्टर मानव और प्रकृति के बीच पनपते असंतुलन को की कहानी दर्शा रहे थे। यह प्रतियोगिता स्नातक और परास्नातक वर्ग के अंतर्गत संचालित की गयी थी ।







## 22/09/2022

रोवर रेंजर्स समिति (भारत स्काउट गाइड) एवं गर्ल्स स्काउट ऑफ वेस्टर्न न्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) के मध्य संयुक्त अंत:क्रिया को लेकर पिछले एक वर्ष से वार्तालाप चल रही थी जिसके संबंध में उन्होंने दिनांक 22/09/2022 को मेल करके अपनी सहमति प्रदान की। बहुत ही हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि दोनों ही रेंजर्स के मध्य संयुक्त अंतःक्रिया को संभावित आगामी नवंबर माह में त्रिदिवसीय शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा। यह कार्यक्रम हमारे महाविद्यालय एवं गर्ल्स स्काउट ऑफ वेस्टर्न न्यूयॉर्क (संयुक्त राज्य अमेरिका) के मध्य अंतरराष्ट्रीय संबंधों की कड़ी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा यह सूचना प्राप्त करके हमारे महाविद्यालय की रेंजर बहुत ही हर्ष उल्लासित हैं।

## 26/09/2022

गृह विज्ञान विभाग व संस्कृत विभाग द्वारा संयुक्त रुप से दिनांक 26 सितंबर 2022 को "विविधता में एकता महोत्सव" का आयोजन किया गया। महोत्सव में गृह विज्ञान विभाग का विषय था "भोजन में विविधता : भारतीय संस्कृति के विविध प्रकार के विशिष्ट व्यंजन" तथा इसी प्रकार संस्कृत विभाग का विषय" विविध भारतीय भाषाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम" रहा*। इस अवसर पर समाज को " एक भारत श्रेष्ठ भारत " का संदेश देते हुए जनपद में रहने वाले अन्य प्रांत के लोगों को चिन्हित कर एवं एक स्थल पर आमंत्रित कर उनके प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत जैसे विविध खानपान एवं भाषा को एक दिन के लिए अपनाया गया और "विविधता में एकता" का उत्सव मनाया गया।












हिंदी अखंड भारत की एकता के आदर्श का प्रतीक

## 27/09/2022

अमर उजाला एवं चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय वाद- विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय था "हिंदी ही हमारी भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व कर सकती है।" विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, नवीन चंद्र लोहानी विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा मेरठ के प्रसिद्ध साहित्यकार श्री सुधाकर आशावादी, श्री किशन स्वरूप और श्री गजेंद्र सिंह चौहान ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मेरठ के 11 महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के कई विभागों की छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व छात्रा कु राशि जैन और कु आरती कसाना ने किया। आरती कसाना ने इस प्रतियोगिता में विपक्ष में दूसरा स्थान प्राप्त किया और राशि जैन ने पक्ष में द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv    klsmmv_mrt    klsmmv    KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 01/10/2022




अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बैंकिंग सेक्टर एंड इकोनामिक डेवलपमेंट विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य अतिथि वक्ता के रुप में डॉक्टर गौरी मॉडवेल, (डायरेक्टर न्यू दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ) उपस्थित रहीं। माननीय अतिथि वक्ता ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को मार्केटिंग सेक्टर में उपस्थित अवसरों, मोबाइल बैंकिंग ऑनलाइन बैंकिंग, बैंकिंग का आर्थिक विकास में योगदान आदि विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि न्यू दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, दिल्ली तथा कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ के मध्य MOU साइन किया गया।

MOU के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं –

- दोनों संस्थानों के मध्य विभिन्न संबंधित विषयों पर कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, सिंपोजियम व समिट का आयोजन किया जाएगा,
- दोनों संस्थान एक दूसरे के अकादमिक-अनुभव एवं प्रकाशन को साझा करेंगे
- दोनों संस्थानों के मध्य शोध व अध्यापन के विभिन्न क्षेत्रों में साझा प्रयास किए जाएंगे,

दोनों संस्थाएं एक दूसरे के अकादमिक- करिकुलर संबंधी क्रियाओं का आदान प्रदान करेंगे व महाविद्यालय की छात्राओं के बहुआयामी विकास के निमित्त छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के लिए विभिन्न ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। न्यू दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट राष्ट्रीय स्तर की प्रमाणित संस्था है जिसे लगातार तीन वर्षों से ऑल इंडिया काउंसिल फॉर ट्रेंनिग एंड एजुकेशन द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकांश छात्राओं ने भाग लिया तथा अतिथि वक्ता के साथ विषय संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।



## 02/10/2022

सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिवस जयंती के रूप में हर्षोल्लास से राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिए" एवं "रघुपति राघव राजा राम" सुमधुर रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही इसके उपरांत बी०ए० प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी हीबा ने लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन परिचय दिया। तत्पश्चात कुमारी विनीता बी०ए० तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी विनीता ने महात्मा गांधी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अंत में प्राचार्य डॉ० अलका चौधरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बापू जी से भारत की एकता एवं अखंडता तथा लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से सादा जीवन उच्च विचार की हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। गांधी जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु छात्राओं को प्राचार्या जी द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय


# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 10/10/2022




'रोवर रेंजर्स समिति' की रेंजर्स कुमारी राशि जैन को भारत स्काउट एवं गाइड्स नेशनल हेड क्वार्टर के द्वारा दिनांक- 05/01/2022 से 10/01/2022 को आभाशी मंच zoom पर आयोजित BSG-DIGITAL SMART GENRATION, SURF SMART 2.0 स्टेट मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग दिया गया। इसके बाद उन्हें National facilitator के रूप में चुना गया। जिसके अंतर्गत इनकी Facilitators recasting training दिनांक 13-15th June 2022 को सम्पन्न हुई। साथ ही इन्होंने भारत के विभिन्न क्षेत्रीय सेमिनारों में BSG-DSG, Surf Smart 2.0 की टीम के साथ मिलकर इस पाठ्यक्रम को पूर्ण कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया व अति उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग लिया। रेंजर्स कुमारी राशि जैन ने नेशनल टीम में एकमात्र facilitator के रूप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्हे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर Surf Smart leader's training for AP leaders कार्यक्रम जो दिनांक 27 व 28 अगस्त 2022 को आयोजित हुआ था जिसमे उन्हें Bharat Scouts And Guides की ओर से facilitator चुना गया व इन्हे certificate भी प्रदान किया गया तथा साथ ही उन्हें volunteering service के लिए BSG NHQ, Delhi की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप में Goodies भी प्रदान किये गए।

## 12/11/2022

महाविद्यालय में प्रॉक्टोरियल बोर्ड की वालिंटियर्स छात्राओं का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को महाविद्यालय में अनुशासन संबंधी नियमों की जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि प्रो. वीरपाल सिंह ने कहा कि अनुशासन केवल कॉलेज में ही नहीं अपितु अनुशासन अपने आप में शासित रहना है जो व्यक्ति अपने में अनुशासित है उसे अनुशासन के लिए शासन या प्रशासन की आवश्यकता नहीं है तथा इसके साथ ही उन्होंने जीवन में डबल आर का महत्व बताते हुए कहा कि हमें अपने जीवन से रीजन को हटाकर रिजल्ट पर ध्यान देना चाहिएप्राचार्या डा. अलका चौधरी ने कहा कि अनुशासन में रहने का मतलब बंधन में रहना नहीं है बल्कि समय प्रबंधन है। अनुशासन लक्ष्य और उपलब्धियों के बीच का सेतु है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब हम अनुशासित रहें।







## 14-11-2022

महाविद्यालय मेरठ में, पुस्तकालय विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह' (दिनांक 14 नवंबर 2022 से दिनांक 18 नवंबर 2022 तक) कार्यक्रम आयोजित किया गया प्राचार्या जी द्वारा पुस्तकालय की वालंटियर् छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई| कार्यक्रम में छात्राओं को पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई| पुस्तकालय सप्ताह के प्रथम दिन पर छात्राओं के लिये कोटेशन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे महाविद्यालय की डीन डॉ किरण प्रदीप एसोसिएट प्रोफसर एवं अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती प्रीती सिंह निर्णायक रहे| बी० ए० प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सना ने किताबों से दोस्ती पर अपने विचार प्रस्तुत किये एवं बी० ए० प्रथम सेमेस्टर की छात्रा माइन प्रवीण ने बाल दिवस पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की|

## 14/11/2022



नई शिक्षा नीति तथा प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत मिशन के अंतर्गत कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ तथा भारत की पहली स्किल यूनिवर्सिटी सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज,इंदौर के मध्य एक मसौदा करार पाया है। यह मसौदा सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पृथ्वी यादव एवं कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी के मध्य ऑनलाइन मीटिंग द्वारा हस्ताक्षरित हुआ। इस मसौदे के तहत नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आने वाले स्किल कोर्सेज में सक्रिय आपसी साझेदारी, पाठ्यक्रम विकास एवं संचालन, कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित कराना और राष्ट्रीय प्रदर्शनी में छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करना तय हुआ है।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य सामान्य शिक्षा के साथ साथ विशिष्ट तकनीक प्रशिक्षण तथा स्किल बेस्ड कोर्सेस का विकास करना है, जिससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाया जा सके।

## 15/11/2022

कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष से कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में 01 पी. एल. ऑफ 5/22 यू. पी. गर्ल्स बटालियन का प्रारंभ हुआ है। ।इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल महेश कुमार चौहान, कमांडिंग ऑफिसर (22 यू. पी. गर्ल्स बटालियन) उपस्थित थे। अन्य सम्मानित अतिथि गण के रूप में एस.एम. हरजीत सिंह, एस.आर. (जीआईसी) संध्या सिंह, बी. एच. एम. सत्येंद्र सिंह व एम बंधु उपाध्याय 22 यू.पी.गर्ल्स बटालियन एनसीसी, मेरठ उपस्थित रहे। प्राचार्य जी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा एकता व अनुशासन को महाविद्यालय के यू.एस. पी.के रूप में बताया व देश के भविष्य युवा शक्ति को राष्ट्र के विकास के लिए तत्पर होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। साथ ही प्रधानमंत्री जी को एन.ई.पी में एनसीसी लाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया । कर्नल महेश कुमार चौहन, कमांडिंग ऑफिसर 22यू.पी.गर्ल्स बटालियन,NCC ने प्राचार्य जी, प्रवक्ता वर्ग व महाविद्यालय की सभी छात्राओं का आभार व्यक्त किया। छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग का आश्वासन दिया व 2024 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में होने वाले परेड में महाविद्यालय की छात्राओं की उपस्थिति की आशा की।एस.आर. (जीआईसी) संध्या सिंह मैम ने अधिकार से अधिक कर्तव्य के महत्व की बात कही तथा आश्वासन दिया कि एनसीसी के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को मूल्यवान व उत्तम शिक्षा देंगी जिससे उनके उत्तम चरित्र का निर्माण होगा जो देश की प्रगति में सहायक होगा। इस अवसर पर एन.सी.सी.लेने हेतु छात्राओं में बहुत उत्साह रहा। आज के कार्यक्रम में.एस.एम. हरजीत सिंह, एस.आर. (जीआईसी) संध्या सिंह, बी. एच. एम. सत्येंद्र सिंह व एम बंधु उपाध्याय (22यू. पी. गर्ल्स बटालियन NCC मेरठ के द्वारा साक्षात्कार लिया गया। 80 छात्राओं में से 22 छात्राओं का प्रथम सत्र हेतु चयन किया गया ।



# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT



## 15/11/2022

महाविद्यालय में पुस्तकालय विभाग द्वारा चल रहे 'राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह' कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गयी। प्रतियोगिता में 76 छात्राओं ने प्रतिभागिता की| इस प्रतियोगिता में पुस्तकालय एवं सूचना संचार प्रद्योगिकी विषय से सम्बंधित विभिन्न प्रश्न छात्राओं से पूछे गये| प्रतियोगिता में 3 राउंड खेले गये| फाइनल राउंड में रानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता रहीं| कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या जी ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुआ विजेता टीम को शुभकामनाएं दी|

## 16/11/2022

महाविद्यालय मे स्तकालय चल रहे 'राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह' कार्यक्रम के तृतीय दिवस के अंतर्गत फन जोन खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्य जी के निर्देशन में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ राखी त्यागी एसोसिएट प्रोफेसर लाइब्रेरी, श्रीमती अंशु बंसल एवं कुमारी शालिनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ज्ञानवर्धक खेल जैसे क्रासवर्ड पहेलियाँ, शब्द भण्डार, वर्ड स्क्रेम्ब्ल, आदि छात्राओं द्वारा खेले गये, जिसमें 85 छात्राओं ने प्रतिभागिता की| समस्त खेलों में 38 छात्राएँ विजेता रहीं| समस्त खेल छात्राओं द्वारा ही खिलाये गये| कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या जी ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया|






## 17/11/2022

कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ में, पुस्तकालय विभाग द्वारा चल रहे 'राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह' कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस के अंतर्गत छात्राओं द्वारा हस्तशिल्प निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया जिसमें निर्णायक डॉ विनीता गुप्ता एसोसिएट राजनीति विज्ञान और डॉ ज्योत्स्ना एसोसिएट चित्रकला विभाग के द्वारा श्रेष्ठतम वस्तुओं का चुनाव किया गया| कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्य जी के निर्देशन में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ राखी त्यागी, श्रीमती अंशु बंसल एवं कुमारी शालिनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 72 छात्राओ ने विभिन्न विषयों जैसे पेन होल्डर, बुकमार्क, पेपरवेट, लिफाफे, डायरी, सजावटी पेंसिल आदि पर हस्तनिर्मित वस्तुये बनाकर प्रतिभागिता की| कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या जी ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया

## 18/11/2022

महाविद्यालय में पुस्तकालय विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह (दिनांक 14 नवंबर 2022 से दिनांक 18 नवंबर 2022 तक) का समापन समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्य जी एवं मुख्य अतिथि डॉ नाजिया तरुन्नुम रही। प्रदर्शनी में 121 वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया । डॉ नाजिया तरुन्नुम ने छात्राओं के प्रयास की सराहना की इसी के साथ आत्मनिर्भर भारत के बैनर टेल मुहीम के अंतर्गत शैक्षिक क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ने से सम्बंधित बिन्दुओं पर चर्चा की| इसके बाद प्राचार्या जी ने कहा कि इस मुहीम के जरिये हमारी छात्रायें व्यापक स्तर पर सभी स्किल का प्रसार कर पायेंगी। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।



कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT



## 25/11/2022

भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा विश्व विरासत सप्ताह के समापन दिवस पर क्विज प्रतियोगिता एवं इतिहास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। । प्रतियोगिता में लगभग 40 छात्राओं ने प्रतिभागीता किया। डॉ. किरण प्रदीप जी (विजुअल आर्ट डिपार्टमेंट) एवं डॉ. रीना चिकारा जी (इतिहास विभाग) प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की सदस्य रही। कार्यक्रम के अंत में सभी को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. अलका चौधरी जी ने कहा कि हमारी बच्चियों एवं छात्राओं को किसी भी प्रकार के गलत रिश्तो में नहीं फसना चाहिए। हिंसा चाहे किसी भी प्रकार की हो शारीरिक, मानसिक अथवा भावनात्मक महिलाओं को खुलकर उसका विरोध करना चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने कविता पाठ भी किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. शुभा मालवीया (विजुअल आर्ट डिपार्टमेंट) डॉ रीना चिकारा (इतिहास विभाग) एवं डॉ. प्रीति सिंह (अंग्रेजी विभाग) ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में सुश्री सिद्धि गुप्ता, श्रीमती प्रीति सिंह, श्रीमती अर्चना प्रिय आर्य एवं श्रीमती रीना चिकारा जी का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में समस्त प्रवक्ताएँ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## 25/11/2022

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा “सांप्रदायिक सद्भावना का महत्व” विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया| इस अवसर पर सर्वप्रथम छात्राओं को सांप्रदायिक सद्भावना के झंडे वितरित किये गये| इसके पश्चात् एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी स्मृति यादव ने छात्राओं को सांप्रदायिक सद्भाव कि भावना से सभी को अवगत कराया | इसके अंतिम दिन सद्भावना झंडा दिवस का भी आयोजन किया जाता है | इनके आयोजन के माध्यम से देशवासियों के मध्य धर्मनिरपेक्षता, अहिंसा, भाषाई सौहार्द की भावना का विकास करने तथा सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है कार्यक्रम में 53 छत्रायें उपस्थित रहीं |





## 29/11/2022

महाविद्यालय के ‘रेंजर्स समिति’ के द्वारा 29 नवंबर 2022 से त्रिदिवसीय रोवर रेंजर्स शिविर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। आदरणीय प्राचार्या प्रो. अलका चौधरी जी व प्रशिक्षका श्रीमती ज्योति शर्मा जी को स्कार्फ पहनाकर व औषधीय गुणों से युक्त तथा भारतीय समाज में पूज्य तुलसी का पौधा देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया तथा रेंजर्स ने ‘जय जय हर्ष हर्ष’ के उद्घोष से पूरे वातावरण को हर्षोल्लास से भर दिया। इसी हर्षोल्लास वातावरण में प्रथम दिवसीय शिविर प्रशिक्षण का शुभारंभ परम सम्माननीय प्राचार्या जी ने ध्वजा रोहण व भारत स्काउट गीत ‘नीला रंग गगन से विस्तृत भ्रातृभाव फैलाता’ से किया। प्रथम दिवस शिविर प्रशिक्षण में रेंजर्स द्वारा कॉलेज की सफाई की गई जिससे उनके अंदर देश को स्वच्छ रखने की भावना विकसित हो सके तथा उसके पश्चात प्रशिक्षका ने रेंजर्स को गाठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा, आपात स्थिति में कैसे लोगों की सहायता की जाए उसका प्रशिक्षण दिया एवं रेंजर्स के कर्तव्य और उनकी महती भूमिका के आदि की जानकारी दी

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 30/11/2022



महाविद्यालय के 'रेंजर्स समिति' के त्रिदिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दिनांक 30 नवंबर 2022 को आदरणीय प्राचार्या प्रो.(डॉ.) अलका चौधरी जी ने अपने सम्बोधन के द्वारा रेंजर्स समिति (भारत स्काऊट गाइड उत्तर प्रदेश) और गर्ल्स स्काऊट ऑफ वेस्टर्न न्यूयार्क (USA) के मध्य ऑनलाइन (zoom) मोड पर अन्तःक्रिया (interaction) का शुभारंभ किया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की रेंजर राशि जैन ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारत में होने वाले प्रशिक्षण के दौरान रेंजर्स की प्रतिज्ञा, त्रिदल कमल-एकता का प्रतीक, पेयजल वितरण, स्वच्छता अभियान, पढ़ना लिखना अभियान, मतदाता जागरूकता रैली आदि क्रियाकलापों के विषय में बताया। इस अन्तः क्रिया में दोनों तरफ के छात्राओं अनम, काजल, अंशु, समांथा व एनवेला ने प्रश्नोत्तर के द्वारा एक दूसरे के जिज्ञासाओं का शमन किया। इस दौरान छात्राएं काफी उत्साहित रही तथा ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रातः 6 बजे से ही कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु महाविद्यालय में उपस्थित रहीं। उनके उत्साहवर्धन हेतु महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी भी प्रातः काल से ही छात्राओं के साथ उपस्थित रहीं। प्रशिक्षिका श्रीमती ज्योति शर्मा ने रेंजर्स को सुविचार- असफलता ही सफलता की कुंजी है के साथ स्वस्थ रहने के लिए बी.पी. 6 व्यायाम कराया, रेंजर्स गाइड नियम बताया, बाया हाथ मिलाना सिखाया, खूटा फांस, लोटस फांस आदि गाठे बंधन बताया और अंत में टेंट निर्माण कैसे किया जाय इसका प्रशिक्षण दिया। प्राचार्या डॉ अलका चौधरी ने कहा कि दोनों देशों के रेंजर समिति के मध्य इस अंतःक्रिया के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा तथा महाविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त होगी।

## 01/12/2022

महाविद्यालय, मेरठ के 'रेंजर्स समिति' के त्रिदिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में आदरणीय प्राचार्या प्रो.(डॉ.) अलका चौधरी जी एवं मुख्य अतिथि के रूप में माननीय एडीएम महोदय दिवाकर सिंह रहे। आदरणीय प्राचार्या प्रो.(डॉ.) अलका चौधरी जी ने अपने सम्बोधन के द्वारा रेंजर्स को प्रोत्साहित किया तथा मुख्य अतिथि सहायक जिला अधिकारी श्रीमान दिवाकर सिंह अपने संबोधन के माध्यम से रेंजर्स को विज्ञान, गृह विज्ञान, पारिवारिक मूल्यों व अनेक विषयों से अवगत कराया। कार्यक्रम में समस्त प्रवक्ता वर्ग उपस्थित रहीं।



## 01/12/2022




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा मनोविज्ञान विभाग के द्वारा "विश्व एड्स दिवस" के उपलक्ष्य में विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया| इसके तथत सर्वप्रथम स्वयंसेविकाओं तथा मनोविज्ञान की छात्राओं ने सभी शिक्षिकाओं,कर्मचारीवर्ग तथा छात्राओं को एड्स अवेयरनेस के प्रतीक चिन्ह रेड रिबन लगाकर एड्स के संक्रमण के बारे में जानकारी दी |एम ए तृतीय सेमस्टर की छात्राओं मोनिका रानी,आरती विश्वकर्मा,शिवानी,तथा प्रिया पाल ने पोस्टर के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया | इसके पश्चात् मनिविज्ञान विभागाध्यक्षा तथा एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी स्मृति यादव ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रशिक्षण शिविर में एच० आई०वी०/एड्स पर अतिथि वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया | अपने व्याख्यान में उन्होंने कैडेट्स को एच आई वी/एड्स के लक्षण,कारण,रोकथाम के उपाय,इससे जुड़ी भ्रांतियां,तथा इसकी जांच की पद्धतियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी स्मृति यादव के द्वारा किया गया | कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती सीमा वर्मा, डॉक्टर बेबी दलाल, डॉ मोनिका, श्रीमती पूजा रानी रही।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 05/12/2022



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के वार्षिक कैलेंडर 2022-23 के अनुसार धूम मानिकपुर, दादरी नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री तनु ने हर्डल रेस (100 मीटर) में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता विभिन्न महाविद्यालयों के 12 एथलीट्स ने प्रतिभाग किया जिसमें महाविद्यालय की छात्रा द्वितीय स्थान पर रही। साथ ही सुश्री तनु ने हाई जंप में 13 कॉलेज के प्रतिभागियों में द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही रिले रेस में महाविद्यालय की टीम ने 12 महाविद्यालयों की टीमों के बीच चौथा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर रेस में महाविद्यालय की छात्राओं ने क्रमशः आठवां और दसवां स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पांच छात्राओं कुमारी तनु, सना, कोमल चपराना, शगुन,विशा सैनी ने प्रतिभागिता किया था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका चौधरी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, साथ ही समस्त छात्राओं को भेंट स्वरूप गिफ्ट भी प्रदान किए । प्रतियोगिता में छात्राओं की प्रतिभागिता में स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रीति सिंह, स्पोर्ट्स कोच सुश्री दीपा शर्मा एवं श्री अभिनव शर्मा का विशेष सहयोग रहा

## 07/12/2022

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षो उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद की ओर से छात्राओं ने समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं एकल देशभक्ति गायन में तृतीए स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एप्लाईड साइंस ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। विजेता छात्राओं में हिमानी भारती, अंजलि, कामिनी, स्नेहा, तनु यादव एवं परमजीत रही। टीम का सफल निर्देशन डॉ वेणु वनिता श्रीमती आंचल एवं श्रीमती निशा ने किया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका चौधरी ने पुरस्कार की घोषणा के उपरांत विश्वविद्यालय छात्र को आशीर्वाद प्रदान किया और उत्साहवर्धन किया।






## 09/12/2022

महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना, एक्टिविटी क्लब तथा सुप्रसिद्ध एनजीओ सुरभि फाउंडेशन के द्वारा संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण जनसंख्या वृद्धि एवं बालिका सुरक्षा जैसे समसामयिक सामाजिक मुद्दों पर एक पोस्टकार्ड पेंटिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इसमें छात्राओं ने जागरूकता फैलाने के लिए अपनी भावनाओं को छोटे-छोटे पोस्टकार्ड्स पर पेंटिंग, स्लोगन तथा संदेशों के माध्यम से व्यक्त करने का प्रयास किया| इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग एक हज़ार पोस्ट कार्ड्स का निर्माण छात्राओं द्वारा किया गया|

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT




## 20/12/2022

महाविद्यालय के संगीत विभाग के द्वारा," संगीत, शिक्षा एवं मंच प्रस्तुति के विविध पक्ष", (राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमानुसार ) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रदर्शन आत्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। संगीत गायन, तबला एवं सितार विषय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में मंच प्रदर्शन की एक प्रायोगिक परीक्षा समाहित है जिसके अंतर्गत छात्रों को अपने विषय की प्रायोगिक प्रस्तुति देनी होती है। इसी को ध्यान में रखकर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में मंच प्रस्तुति के विविध पक्षों को समझना एवं विकसित.करना है। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति सितार वादन वरिष्ठ कलाकार डॉ रेखा सेठ इनके साथ नगर के प्रतिष्ठित तबला कलाकार श्री हेमंत शुक्ला जी द्वारा कुशल संगत की गई। इनके बाद सुभारती विश्वविद्यालय से आई तनुश्री कश्यप जी के द्वारा एनईपी के पाठ्यक्रम पर आधारित राग यमन एवं राग भीमपलासी में प्रस्तुति दी गई जिनके साथ हारमोनियम पर सुमधुर बेहतरीन संगत श्री मेहराज खान द्वारा की गई। तत्पश्चात अंतिम प्रस्तुति सुभारती विश्वविद्यालय से आए अभिषेक मिश्रा जी द्वारा तबला स्वतंत्र वादन की गई। इन्होंने कार्यशाला में इस्माइल नेशनल पीजी कॉलेज, सुभारती परफॉर्मिंग आर्ट फैकल्टी, रघुनाथ गर्ल्स पीजी कॉलेज, शहीद मंगल पांडे राजकीय महाविद्यालय, एन एस इत्यादि महाविद्यालयों के विभिन्न शोध छात्राओं सहित प्रवक्ता वर्ग ने प्रतिभागीता की। कार्यक्रम में अधिकांश छात्राएं तथा समस्त प्रवक्ता वर्ग उपस्थित रहा।

## 21/12/2022

रिसर्च डेवलपमेंट सेल के द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन कराया गया। व्याख्यान का विषय "इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एंड फॉर्मूलेशन ऑफ एडहॉक रिसर्च प्रोजेक्ट “ रहा। व्याख्यान में अतिथि वक्ता के रूप में प्रोफेसर शैलेंद्र सिंह गौरव, डीन फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, उपस्थित रहे। प्रोफेसर शैलेंद्र जी ने अपने व्याख्यान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के विभिन्न आयामों: फॉर्म्स ऑफ़ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स, पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क्स, ट्रेड सीक्रेट्स, जोग्राफिकल इंडिकेशंस, पर प्रकाश डाला साथ ही रिसर्च प्रोपोजल की फॉर्मूलेशन तथा विभिन्न फंडिंग एजेंसीज के विषय में भी विस्तार पूर्वक बताया। एक रिसर्च प्रोजेक्ट प्रपोजल कैसे तैयार किया जाता है, किन बातों का ध्यान रखना होता है, कौन से महत्वपूर्ण बिंदुओं को अधिकतम एक्सप्लोर करना होता है, रिसर्च प्रोजेक्ट प्रपोजल स्वीकार होने के बाद, प्रोजेक्ट सबमिशन की क्या प्रक्रिया होती है तथा प्रोजेक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट आदि सभी प्रश्नों पर सारगर्भित विश्लेषण प्रस्तुत किया। व्याख्यान के माध्यम से महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता वर्ग लाभान्वित हुए तथा विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया* । कार्यक्रम संयोजन डॉ. पूनम सिंह, डॉ. सोनिका नागर, श्रीमती विनीता पुंडीर, मिस पूजा राय द्वारा किया गया तथा मंच संचालन डॉ प्रीति सिंह द्वारा किया गया।






## 06/01/2023

महाविद्यालय के टीचर्स रीस्किलिंग सेल द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बीएड विभाग की सुश्री रितु शर्मा ने कंस्ट्रक्टिव अप्रोच इन टीचिंग विषय पर सभी प्रवक्ताओं के सम्मुख अपने क्रिएटिव विचार प्रस्तुत किए तत्पश्चात रितु जी ने क्लासरूम टीचिंग को अधिक रोचक बनाने एवं छात्र छात्राओं को रुचिकर रूप से कक्षा में सम्मिलित होने के बारे में बताया कार्यक्रम के अंत में डॉ किरण प्रदीप जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की लगभग समस्त प्रवक्ताओं ने भाग लिया कार्यक्रम का संयोजन टीचर्स रीस्किलिंग सेल की समन्वयक डॉ वेणु वनिता ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉक्टर रीना चिकारा जी की सक्रिय सहभागिता रही।

## 12/01/2023

महाविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा COMMERCE ON CANVAS COMPETITON का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की कॉमर्स विभाग की छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता मे भाग लिया कार्यक्रम में यशोदा और भानुप्रिया ( प्रथम ), शिवानी ( द्वितीय), सोनाक्षी (त्रितया ) स्थान पर रही व् साथ ही तनु, महिमा, वंशिका ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ अलका चौधरी जी ने छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढाया। कार्यक्रम में कॉमर्स डिपार्टमेंट की समस्त प्रवक्ता वर्ग श्रीमती दीपा जैन, श्रीमती आँचल गुप्ता, कु० अदिति ठाकुर, कु० गरिमा, कु० जूही नाज़, श्रीमती सोम्या रस्तोगी व कु० विधि जैन एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।






## 12/01/2023- 13/01/2023

महाविद्यालय की कबड्डी एवं खो खो की टीम यूपी स्टेट गेम्स डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, सहारनपुर में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने खो-खो में प्रथम स्थान तथा कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय को गौरवान्वित करने वाली छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं: शिप्रा शर्मा, निवेदो, तनु मनराल, साक्षी, सोनम, वंशिका मित्तल, सना, तनु गोस्वामी, अंशिका त्यागी, खुशबू पाल, सृष्टि, वर्षा सैनी, तान्या तिवारी, आरती कसाना, सबा, संजना, संध्या रानी, शगुन चौधरी, खुशी सैनी। खो-खो एवं कबड्डी टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि आगामी माह - महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम, देहरादून में होगी। प्राचार्य डॉ अलका चौधरी जी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन कर आशीर्वाद प्रदान किया।



## 21/01/2023

महिला महाविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा COMMERCE VATIKA का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका चौधरी एवं डॉ. भूपेंद्र सिंह, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की कॉमर्स विभाग की छात्राओ द्वारा कॉमर्स विभाग के अव्यवस्थित स्थान का उपयोग करके सुव्यवस्थित तरीके से पोधे लगा कर वाटिका का रूप प्रदान कर ,जीवन मे पोधों के महत्व के बारे मे बताया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ अलका चौधरी जी ने छात्राओं को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढाया एवं उनके इस प्रयास की प्रशंशा की।

## 24/01/2023

बालिका दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय में महिला सुरक्षा विषय पर एक गेस्ट लेक्चर आयोजित किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में श्रीमती इंदु वर्मा सब इंस्पेक्टर ब्रह्मपुरी थाना उपस्थित रहीं। क्योंकि 30 व 31 जनवरी को महाविद्यालय में नेक इंस्पेक्शन होना है इसीलिए तैयारी की व्यस्तता के कारण यह कार्यक्रम 24 जनवरी के स्थान पर 21 जनवरी को आयोजित किया गया। श्रीमती इंदू वर्मा ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर्स 1090 (वूमेन पावर लाइन) 112 (रात के समय में यदि रास्ते में कोई इनसिक्योरिटी महसूस होती है तो कॉल कर सकते हैं) 108 (दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सहायता के लिए) 1076 (मुख्यमंत्री पोर्टल) 1098 (चाइल्ड केयर हेल्पलाइन) की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को स्वयं की पहचान बनाने के लिए भी मोटिवेटेड किया।







## 26/01/2023

महाविद्यालय मेरठ के प्रांगण में गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथि के रूप में प्रोफेसर (डॉ) बेबी कुमार, पूर्व प्राचार्य, मेरठ कॉलेज मेरठ, उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी सहित समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक वर्ग तथा छात्राओं सहित ध्वजारोहण के साथ किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना इसके पश्चात योग के महत्व को प्रदर्शित करती हुई एक प्रस्तुति पेश की गई।महाविद्यालय के लिए यह बहुत हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय की रिसर्च डेवलपमेंट सेल द्वारा "शोध मंथन" जर्नल का विशेषांक पब्लिश किया गया है। यह एक पीयर रिव्यूड इंटरनेशनल मल्टीडिसीप्लिनरी जर्नल है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि प्रोफेसर बेबी कुमार जी के द्वारा जर्नल का अनावरण किया गया।



## 13/02/2023

समाजशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ आभा चंद्रा पूर्व प्राचार्या, मेरठ कॉलेज मेरठ उपस्थित रहीं।

- महाविद्यालय की पत्रिका दिव्या का विमोचन मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया।



## 17/02/2023

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के रोजगार प्रकोष्ठ के सौजन्य से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 15 फरवरी 2023 से
17 फरवरी 2023 तक रोजगार मेला ( Job Fair) का आयोजन किया गया।
महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग की 64 छात्राओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनमें से 12 छात्राएं (सोनम सिंह, रिम्पी तिवारी, दिव्या गोयल, सदफ, तानिया, मोनिका, सुनैना आहूजा, माही त्यागी, अंकिता अरोड़ा, सृष्टि रुहेला, प्रिया, वाणी शर्मा) विभिन्न पदों पर तथा दूसरे चरण के लिए चयनित हुई।



## 21/02/2023

महाविद्यालय मेरठ में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए " निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर कोर्स " प्रारम्भ किया गया,

प्रथम चरण में 90 छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। जब ये छात्राएं कोर्स पूर्ण कर लेंगी तो दूसरा बैच प्रारम्भ कराया जाएगा। बेसिक कोर्स में सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली छात्राओं को अगले सेमेस्टर में एडवांस कंप्यूटर कोर्स कराया जाएगा।

यह कोर्स महाविद्यालय की LMS सेल के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय की छात्राएं अपने फ्री पीरियड में कम्प्यूटर कोर्स की कक्षाएं अटेंड कर सकती हैं।

## 23/02/2023

करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक काउंसलिंग सेशन का आयोजन आज दिनांक 23 फरवरी 2023 को कराया गया। जिसमें बी. एड. विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा Counselling session for entrance in B.Ed. and B.Ed. course 2.0 विषय पर मार्गदर्शक व्याख्यान दिया गया।
बी .एड. विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य बी.एड. की तैयारी व इसमे प्रवेश से संबंधित छात्राओं की जिज्ञासा को शांत करना व इससे जुड़े प्रश्नों के उत्तर देना था।



# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT



## 23/02/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की थीम पर्यावरण प्रदूषण जागरूकता थी



## 24/02/2023

इंटरनेशनल यर ऑफ मिलेट्स के उपलक्ष्य में कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के द्वारा इंटरनेशनल यर ऑफ मिलेट्स2023" विषय पर जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन।



## 24/02/2023

कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा STRESS MANAGEMENT विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की साइकोलॉजी विभाग की प्रवक्ता डॉ बेबी दलाल ने स्ट्रेस (तनाव) के प्रकार व उसको कम करने के उपचार भी बताये



## 24/02/2023

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के आयोजन में श्री संजीव माहेश्वरी तथा श्री सुरेश चंद्र प्रजापति का सहयोग रहा।



## 25/02/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर निकट रामलीला ग्राउंड दिल्ली रोड पर किया गया।

इसके सफल आयोजन में श्री संजीव माहेश्वरी तथा श्री सुरेश चंद्र प्रजापति का विशेष सहयोग रहा।

कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT





## 25/02/2023

रघुनाथ गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मेरठ द्वारा आयोजित 'युवा महोत्सव' ' अभिव्यक्ति' का आयोजन किया गया।

जिसमें कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय मेरठ की सांस्कृतिक परिषद की छात्रा द्वारा 'चिमनी' समूह लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर प्रतियोगिता में तृतीए स्थान प्राप्त किया।









## 26/02/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न कार्य किए गए।

इसके सफल आयोजन में श्री संजीव माहेश्वरी तथा श्री सुरेश चंद्र प्रजापति का विशेष सहयोग रहा।







## 27/02/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न कार्य किए गए। जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस प्रकार पूरे दिन शिविर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।





## 28/02/2023

महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा गीतिका, मंत्र एवं श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया|

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रवक्ताये एवं छात्रायें उपस्थित रहीं।



## 28/02/2023

मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न कार्य किए गए।

सभी को प्लास्टिक से ईकोब्रिक बनाकर उसका इस्तेमाल करने के लिए जागरूकता फैलाना था।



## 01/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न कार्य किए गए।



## 02/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा श्री राम सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं द्वारा विभिन्न सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्य किए गए।

इसके पश्चात सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



## 04/03/2023

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमे डॉ. अंजू राठी राना जी सहायक सचिव विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग, भारत सरकार, मुख्य अतिथि रहीं

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT



## 15/03/2023

चिकित्सा समिति के द्वारा रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या जी प्रो० (डॉ०) अलका चौधरी द्वारा किया गया। इस शिविर में न्यूट्रिमा हॉस्पिटल से डॉ. भारती माहेश्वरी एवं डॉ. प्रियंका गर्ग के नेतृत्व में मेडिकल टीम श्री शुभम शर्मा, एवं श्री शशांक शर्मा द्वारा रक्त की जांच की। कुल 190 छात्राओं एवं 50 प्रवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने अपने रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच कराई।



## 15/03/2023

महाविद्यालय, मेरठ की एन.सी.सी. इकाई के द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.)अलका चौधरी और 22 यू.पी.गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल महेश कुमार चौहान के संरक्षण में डी.जी. एन.सी.सी.के निर्देश के क्रम में G-20अध्यक्षता के प्रति जागरूकता के क्रम में G-20 "वसुधैव कुटुंबकम" विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
इस प्रतियोगिता में 54 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



## 20/03/2023

**माननीय राज्यपाल जी के साथ प्राचार्या डा. अलका चोधरी ने किया वार्तालाप**

माननीय राज्यपाल का प्राचार्य डॉ अलका चौधरी ने स्किल की छात्रा दीपिका (बीकॉम 2nd ) द्वारा हस्तनिर्मित भेंट देकर उनका स्वागत किया जिसकी उन्होंने प्रशंसा की।
इसी के साथ महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं चुनौतियों के विषय में भी चर्चा हुई, जिसमें महाविद्यालय में चलाए जा रहे संवाद, सानिध्य, सांझा मंच, सुता सहयोग तथा सुदीक्षा इत्यादि कार्यक्रमों की माननीय राज्यपाल ने प्रशंसा की।

## 21/03/2023

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय "समृद्ध एवं अखण्ड भारत के 75 वर्ष " रहा। व्याख्यान डा. दिनेश सिंह, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, गुलाब सिंह, हिंदू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज , चांदपुर द्वारा दिया गया।
कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।



# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv   klsmmv_mrt   klsmmv   KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT



## 24/03/2023

संगीत विभाग में सितार तकनीकी से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सितार की बनावट एवं सितार के रखरखाव के बारे में बताया गया।

लखनऊ से आए सितार मेकर राजू जी ने सितार स्नातक की छात्राओं को न केवल जानकारी दी बल्कि उन्होंने खुद तार डालना एवम पर्दे बाधना भी सिखाया।

## 31/03/2023

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
इस कैंपेन के तहत वे अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों में पक्षियों के लिए बर्ड फीडर की व्यवस्था करेंगे।

शिविर के सफल आयोजन में श्री सुरेश चंद प्रजापति तथा श्री संजीव माहेश्वरी आदि का विशेष सहयोग रहा।






## 05/04/2023

भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के द्वारा महर्षि कश्यप एवं निषाद राज गुह जी की जयंती का शुभारंभ प्रोफेसर डॉ. अलका चौधरी जी के द्वारा किया गया।

इसी क्रम में छात्राओं के लिए एक छोटी सी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की।

## 10/04/2023

शिक्षा विभाग द्वारा पांच दिवसीय स्काउट व गाइड कैंप का शुभारंभ किया गया।

कैंप का शुभारंभ महाविद्यालय ककी प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया।



# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv    klsmmv_mrt    klsmmv    KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT




## 11/04/2023

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में "एजुकेशन एंड हैप्पीनेस फॉर ऑल" थीम पर एक दिवसीय कार्यक्रम,

इस कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय, कृष्णपुरी, मेरठ में किया गया

## 13/04/2023

रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के रोजगार प्रकोष्ठ के सौजन्य से सभी महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 12 अप्रैल 2023 को रोजगार मेला ( Job Fest ) का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा ग्रेजुएट तथा पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया। कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की 14 छात्राओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिनमें से 04 छात्राएं (सिमरन, स्वाति, खुशी यादव एवं नेहा ) दैनिक जागरण एवं न्यू एक्वा आरो सिस्टम के लिए चयनित हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री याशी उपाध्याय व सुश्री निशा निमेष मौजूद रही। प्राचार्या डॉ अलका चौधरी ने सभी चयनित छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।





## 13/04/2023

महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा पांच दिवसीय स्काउट व गाइड कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी के द्वारा छात्राओं द्वारा निर्मित शिविरों का निरीक्षण किया गया, छात्राओं ने सभी राज्यों के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपने शिविर के अंतिम दिन को एक नया रूप प्रदान किया , प्राचार्य जी ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।कैंप में बीएड की सभी छात्राएं उपस्थित रही। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट गाइड के प्रशिक्षणकर्ता श्रीमान मनमोहन जी का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ कृति अग्रवाल, सुश्री रितु शर्मा श्रीमती नीतू गुप्ता व श्रीमती सीमा सैनी आदि सभी उपस्थित रहे।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 14/04/2023 - 15/04/2023

महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा MIT कॉलेज परतापुर मेरठ में हुए दो दिवसीय कार्यक्रम MRIDANG में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागिता की गई।जिसमें ग्रुप डांस में महाविद्यालय के बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की 17 छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा सोलो डांस में तीन छात्राओं (तनु, बबीता व प्रीति ) ने प्रतिभागिता की जिसमें बबीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने सभी छात्राओं को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ कृति अग्रवाल, सुश्री रितु शर्मा श्रीमती नीतू गुप्ता व श्रीमती सीमा सैनी, श्रीमती ज्योति गुप्ता आदि सभी उपस्थित रहे।




## 15/04/2023

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं ने चौथे एक दिवसीय शिविर में भाग लिया । इस शिविर के माध्यम से छात्राओं ने नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से कूड़ा निस्तारण सर्वेक्षण किया | साथ ही उन्होंने लोगों को कूड़े के निपटन के सही तरीके अपनाने के लिए जागरूक व प्रेरित किया । स्वयं सेविकाओं में छाया,गुनगुन,निदा,दिव्या,राधा,रीना यादव,सपना,अंशु,आयुषी गोयल,अंजलि,वैशाली त्यागी, हिमांशी,कुमकुम,भारती अधाना,मिनाक्षी अधाना ,राशि जैन,सुहानी लोधी,संजना, सिदक्प्रीत कौर,डोली,आशा,मुस्कान,ज्योति, काजल,शिवानी सैनी,नीशू आदि ने महाविद्यालय की शिक्षिकाओं,शहर के अलग अलग इलाको से आने वाली छत्राओं तथा अपने घरो के आस-पास के कई घरों में जा-जाकर उनसे बातचीत की | सर्वेक्षण के आंकड़े गूगल फॉर्म के माध्यम से इकठ्ठा किये गये तथा स्वयंसेविकाओं ने लोगों से उनके कूड़ा-निस्तारण के तरीके के बारे में जाना | रिपोर्ट लिखे जाने तक 208 घरों का सर्वेक्षण कार्य हो चूका था स्वयंसेविकाओं ने उनकी स्थानीय समस्याओं को भी जाना तथा व्यक्तिगत तौर पर वे इस समस्या से निपटने के लिए क्या कर सकते हैं तथा नगर निगम को और क्या उपाय करने चाहियें कि शहर से कूड़े के ढेर कम से कम हो सकें इसके लिए सुझाव भी मांगे | सिविर के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य का संयोजन एवं संचालन कार्यकम अधिकारी स्मृति यादव के द्वारा किया गया। शिविर के सफल आयोजन में संजीव माहेश्वरी तथा सुरेश चंद्र प्रजापति का सहयोग रहा।





## 15/04/2023

महाविद्यालय के चित्रकला विभाग द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. अलका चौधरी और प्रख्यात फोटोग्राफर श्री अनस सुल्तान जी एवं चित्रकला विभागाध्यक्षा डॉ. किरन प्रदीप ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। श्री अनस सुल्तान ने कलात्मक फोटोग्राफ की बारीकियों से छात्राओं को अवगत कराया। किसी फोटोग्राफर के लिए लैंडस्केप मोड और पोट्रेट मोड में कैसे फोटोग्राफी करें। इस बारे में काफी विस्तार से समझाया गया। एक क्रिएटिव फोटोग्राफी पोर्ट्रेट एसिमिट्रिकल होना चाहिए। वर्कशॉप के दौरान छात्राओं ने मॉडल के विभिन्न पोज के फोटोग्राफ खींचे। तीन दिवसीय राष्ट्रीय फोटोग्राफी कार्यशाला में गाजियाबाद, बिजनौर, नोएडा और मेरठ से लगभग 100 प्रतिभागी शामिल हुए।जिसमें आर.बी.डी. बिजनौर की प्रवक्ता शताक्षी चौधरी, इस्माइल कॉलेज की प्रवक्ता डॉ विनीता गुप्ता और डॉ ममता त्यागी महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ ज्योत्स्ना, डॉ शुभा मालवीय, याशि उपाध्याय ,सुश्री निशा उपस्थित थी।




# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 16/04/2023

त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय फोटोग्राफी कार्यशाला के द्वितीय दिवस में श्री अनस सुल्तान जी ने पी.पी.टी के माध्यम से बहुत ही प्रभावशाली ढंग से फोटोग्राफी की बारीकियों को समझाया साथ ही छात्राओं को कॉलेज परिसर में ही अलग-अलग स्थानों पर फोटोशूट करवाए।





## 17/04/2023

एन.आर.एस.सी सभागार में में त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय फोटोग्राफी कार्यशाला का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रतिभागियों द्वारा एक दिन पूर्व खींचे गए फोटोग्राफ्स को एल.ई.डी. स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। सुल्तान जी ने प्रतिभागियों द्वारा खींचे गए फोटोग्राफ्स की खूबियों और कमियों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्या डॉ अलका चौधरी ने सभी चयनित छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## 20/04/2023

शिक्षा विभाग एवं **पंडित दीनदयाल उपाध्याय** महाविद्यालय के साथ एक **M.O.U.** पर हस्ताक्षर किए |

महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने **MOU** के लिए सभी को बधाई दी तथा सभी का उत्साहवर्धन किया।





## 21/04/2023

महाविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा “ पृथ्वी दिवस” एवं रेंजर समिति द्वारा “राष्ट्रीय नागरिक दिवस” का आयोजन किया गया । प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने सभी को “पृथ्वी बचाओ” पर शपथ दिलायी ।

## 29/04/2023

पुरातन छात्रा समिति के तत्वाधान में “पुनर्मिलन समारोह 2023” का आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम **यादों के झरोखे से** रखी गयी थी | जिसमे **श्रीमती सुखदा सिंघल**, पूर्व प्रधानाचार्य,त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज, मेरठ विशिष्ठ अतिथि रहीं | कार्यक्रम में रंग दीनी ओढ़नी गीत पर समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी | पुरातन छात्र तथा प्रसिद्द गायिका डॉक्टर कनिका द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किया गया | अध्ययनकाल के दौरान बहुत ही सुंदर स्मृतियां सभी के साथ साझा की गई, महाविद्यालय की पूर्व छात्रा तथा खिलाड़ी कु०अनु मलिक तथा कविता पाल ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा किया |



# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT




## 03/05/2023

भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के द्वारा **महर्षि परशुराम जयंती** का शुभारंभ किया गया। कुमारी नीति रावल एम. ए.चतुर्थ सेमेस्टर, ने परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कुमारी रूपा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर ने परशुराम जी के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित कविता का पाठ किया।



## 06/05/2023

प्राचार्या डॉ अलका चौधरी ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की तथा बीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाओं एवं पाठ्यक्रम की स्थिति का जायजा लिया

प्रारंभ से ही महाविद्यालय में योजनाबद्ध ढंग से सत्र का प्रारंभ किया गया था जिसके अनुसार प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के कोर्स पूर्ण होने के बाद हफ्ते में 5 दिन तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाएं तथा 1 दिन प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का रिवीजन कराया जा रहा था।

विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि अतिरिक्त कक्षाएं लेकर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का सिलेबस पूर्ण कराया जाए जबकि महाविद्यालय में पहले से ही द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का सिलेबस लगभग पूर्ण हो चुका है तथा आंतरिक परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।



## 06/05/2023

महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा “1857 की महान क्रान्ति एव महाराणा प्रताप जयन्ती” मनाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो० आराधना, इतिहास विभाग चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ रहीं।

मुख्य अतिथि ने 1857 की क्रान्ति से सम्बंधित मुख्य घटनाओं के साथ-साथ कई ऐतिहासिक अनछुये पहलुओं पर भी प्रकाश डाला साथ ही छात्राओं को नाना साहब जी की स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया और महाराणा प्रताप जी के युद्ध कोशल, पराक्रम एंव वीर गाथाओं का व्याख्यान किया।




## 15/05/2023

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमे **अतिथि वक्ता** के रूप में **एसएसवी कॉलेज पिलखुआ** के राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ योगेंद्र विकल उपस्थित रहे। व्याख्यान का विषय **भारतीय राजनीतिक** व्यवस्था रहा।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv   klsmmv_mrt   klsmmv   KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT



## 03/05/2023

भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के द्वारा **महर्षि परशुराम जयंती** का शुभारंभ किया गया। कुमारी नीति रावल एम. ए.चतुर्थ सेमेस्टर, ने परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कुमारी रूपा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर ने परशुराम जी के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित कविता का पाठ किया।



## 19/05/2023

महाविद्यालय की **नीराजना** एवं **वीरांगना** रेंजर्स टीम के द्वारा समाज सेवा हेतु ठन्डे पानी के शर्बत का महाविद्यालय के मुख्य गेट पर वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के उत्तर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक श्री जगराम जी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के मेरठ प्रांत के संयोजक डॉ. वीरेंद्र कुमार तिवारी जी, प्रो.शैलेन्द गौरव डीन एग्रीकल्चर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, का कलर पार्टी द्वारा टीका, स्कार्फ पहनाकर व छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित फ्लावर पॉट देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।

रेंजर्स ने उत्साह के साथ रिक्शे वालों ,ऑटो वालो, आने-जाने वाले राहगीरों व प्यास से व्याकुल व्यक्तियों को धूप से तपते गर्मी में शर्बत पिलाकर उनको राहत प्रदान कर पुनीत कार्य किया।

## 28/05/2023

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा " विनायक दामोदर सावरकर जयंती" के अवसर पर क्रांतिकारी आंदोलन के विकास में वीर सावरकर का योगदान विषय पर गूगल मिट प्लेटफार्म पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया |

छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति देते हुए सावरकर जी के जीवन यात्रा से परिचित कराते हुए क्रांतिकारी आंदोलन में उनके योगदान, उनकी रचनाओं व स्वतंत्रता हेतु किए गए उनके प्रयासों आदि से परिचित कराया गया।





## 31/05/2023

संगीत विभाग एवं एक्टिविटी क्लब द्वारा तम्बाकू निषेध दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डॉ विनीता गुप्ता द्वारा मां शारदे के सम्मुख ज्ञान के दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात तंबाकू निषेध से संबंधित एक वीडियो प्रस्तुत की गई।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# “समीक्षा”

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv klsmmv_mrt klsmmv KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT


## 05/06/2023




महाविद्यालय के कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा “ विश्व पर्यावरण दिवस ” के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने मां सरस्वती जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किए एवं हस्थ निर्मित पेपर बेग्स व bird house की सूक्ष्म प्रदर्शनी लगाई व उन्हे महाविद्यालय के वृक्षों पर लगाया, साथ ही पक्षियों के लिए मिट्टी से बने पानी के बरतन भी रखें। छात्राओं ने पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश सब तक पहुंचाने के लिए एक सेल्फी बूथ भी बनाया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ अलका चौधरी जी ने सभी को पर्यावरण को संरक्षित व स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का अंत वहाँ उपस्थित समस्त प्रवक्ताओ को छात्राओ द्वारा निर्मित पेपर बेग्स भेंट देकर किया गया और भविष्य में कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग की प्रवक्तायें श्रीमती दीपा जैन, सुश्री अदिति, सुश्री गरिमा, सुश्री जूही, श्रीमती सौम्या व महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ता गण एवं अधिकांश छात्राएं उपस्थित रही।

## 21/06/2023

महाविद्यालय मेरठ में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व योग दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय योग शिविर आयोजन किया गया। इसमें मुख्य प्रशिक्षिका सुश्री शिप्रा गोयल रहीं। आप इसी महाविद्यालय की पुरातन छात्रा रही हैं तथा योग के साथ - साथ पंचकर्म तथा एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट भी हैं।आपने योग अभ्यास में विभिन्न राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस एक दिवसीय शिविर में शिप्रा गोयल जी ने शिक्षिकाओं,छात्राओं,कर्मचारियों को कई प्रकार के योग आसनों द्वारा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉक्टर अलका चौधरी जी द्वारा योगा अभ्यास के विषय में अपने विचार एवं अनुभव को व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्षा एव एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी स्मृति यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षिका वर्ग छात्राएं तथा कर्मचारी गण अदि सहित 32 लोग उपस्थित रहे।









## 05/07/2023

दिनांक 05/07/2023 कोमहाविद्यालय की स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अलका चौधरी द्वारा सेठ कनोहरलाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके प्रसाद वितरित किया गया। महाविद्यालय की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वार्षिक ई-समाचार पत्रिका "समीक्षा" का विमोचन किया गया। गौरतलब है कि कनोहर लाल स्नातकोतर महिला महाविद्यालय की स्थापना 5 जुलाई 1969 को सेठ कनोहर लाल जी एवं ट्रस्ट की तरफ से प्रत्येक वर्ग की छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर प्रदान करना, उनका सर्वांगीण विकास एवं उनको कार्य स्थल, गृह एवं समाज में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किया गया था। यह गौरव का विषय है कि इस उद्देश्य की दृष्टिगत महाविद्यालय नित्य प्रतिदिन उन्नति की ओर अग्रसर है। वर्तमान में महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 14 रोजगार परक स्किल कोर्स संचालित किया जा रहे हैं।

# कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय

# "समीक्षा"

संस्करण – 1 (सत्र 2022-2023)

WWW.KANOHAR.ORG/KLPG

Klsmmv | klsmmv_mrt | klsmmv | KLPGGIRLSCOLLEGE MEERUT

# News at a Glance



## खो-खो प्रतियोगिता में दिखाया टैलेंट

## इंदौर विवि और कनोहरलाल में करार

मेरठ। कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारत की पहली स्किल यूनिवर्सिटी सिंबायोसिस यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लाइड साइंसेज, इंदौर के मध्य शैक्षिक करार हुआ। यह प्रारूप सिंबोसिस विवि के कुलपति डॉ. पृथ्वी यादव व कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अलका चौधरी के मध्य ऑनलाइन बैठक में हस्ताक्षरित हुआ। इसके तहत नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आने वाले सभी स्किल कोर्सेज में सक्रिय साझेदारी, पाठ्यक्रम विकास, संचालन कार्यशाला व प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना और राष्ट्रीय प्रदर्शनी में छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करना तय हुआ। अलका चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य सामान्य शिक्षा के साथ विशिष्ट तकनीकी प्रशिक्षण तथा स्किल आधारित कोर्सेज का विकास करना भी है। संवा

## खेल से धैर्य रखने का सीखते हैं गुण: अलका

## दीपिका ने मारी बाजी

'युवा महोत्सव-2023', छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में पवन अव्वल

## 7.15 मीटर गोला फेंककर अव्वल रहीं

## नेशनल कबड्डी में कनोहर लाल विजेता

## रंगोली प्रतियोगिता में रजत और दीपिका ने मारी बाजी

## कबड्डी खेल बेटियों ने दिया संदेश, खेलेगी बेटियां जीतेगा भारत

मेरठ : कनोहरलाल महिला डिग्री कालेज में मंगलवार को तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव सुदीक्षा का आयोजन किया गया। पहले दिन कालेज की टीमों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता हुई जिसमे खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। खेलेगी बेटी जीतेगा भारत थीम पर आधारित कार्यक्रम मे इंटरनेशनल पहलवान अर्जुन अवार्डी अलका तोमर ने कहा कि प्रतिभा को व्यर्थ न गवाएं। राज्य स्तर, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मे जरूर हिस्सा लें। अपने सपनों को पूरा करें और अपने प्रदर्शन से अपने परिवार व देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाएं। प्राचार्य डा. अलका चौधरी ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन मे बहुत महत्व है। खेलों के द्वारा हम विपरीत परिस्थितियों मे धैर्य व संतुलन बनाए रखने का गुण सीखते हैं। विशिष्ट अतिथि गुलाब सिंह रुहल ने कहा कि वर्तमान मे महिला सशक्तिकरण का दौर चल रहा है और महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र मे अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। मुख्य अतिथि आइआरटीएस अफसर अंजू सिंह कहा कि जीवन मे अनुशासन बेहद आवश्यक है। हम अक्सर भावनाओं के वशीभूत होकर अनुशासन को भूल जाते हैं, जो नहीं होना चाहिए।

कनोहर लाल महाविद्यालय मे प्रतियोगिता मे कबड्डी खेलती छात्राएं • जागरण

## मातृभाषा से होता है नवाचार : एपी गर्ग

## कनोहर लाल महिला डिग्री कालेज को नैक में मिला बी-प्लस ग्रेड

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने कालेज को 2.67 सीजीपीए दिया

## टोली मंगल पांडे व स्वामी विवेकानंद की रही प्रथम


## कनोहर लाल महिला डिग्री कालेज को नैक में मिला बी-प्लस ग्रेड

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने कालेज को 2.67 सीजीपीए


## छात्राओं के लिए बढ़ेंगे स्किल कोर्स

## हाथी पर सवार होकर प्रकट होंगी मां दुर्गा

## महोत्सव में छात्राओं ने दिखाया हुनर

### आरजी कॉलेज

मेरठ, वरिष्ठ संवाददाता । आरजी पीजी गर्ल्स कॉलेज मेरठ में युवा महोत्सव-2023 का शुभारम्भ किया गया। 27 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन का नाम अभिव्यक्ति रखा गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इसमें छात्रों ने रंगोली, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, निबन्ध, लोकगीत, शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, नाटक, आदि का आयोजन शामिल है। प्राचार्या प्रो. निवेदिता मलिक ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि प्रो.कुमार रत्नम, एडिशनल डायरेक्टर उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश रहे। कार्यक्रम के प्रथम दिन रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रजत रुद्रा इंस्टीट्यूट मवाना के फाईन आर्टस के छात्र रहे। द्वितीय स्थान पर दीपिका कनोहर लाल पीजी कॉलेज, तृतीय स्थान पर स्वाईमा अख्तर रहे। ... में पीजी की अदिति, बीए की ... चंचल रानी, निशा पाल, ... निशिता, स्वीटी, सिंपल आदि का सहयोग रहा।

मंगलवार को आरजी कालेज में कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

## आत्मनिर्भर व सशक्त बनें महिलाएं : डॉ. अंजू

कन्नोहरलाल में आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं डा. अंजू राखी राणा।

मेरठ। कनोहर लाल महिला पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष प्राचार्या प्रो. डॉ. अलका चौधरी व मुख्य अतिथि भारत सरकार सहायक सचिव डॉ. अंजू राठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने भारतीय महिला कानून का विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा सर्वप्रथम महिला आत्मनिर्भर व सशक्त बने। प्राचार्या ने छात्राओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। संवाद